ओडीओपी सेल करेगा सोर्सिंग हब का संचालन

एसईजेड में भूखंडों के आवंटन पर लगी रोक हटेगी, पेनाल्टी मसला भी सुलझेगा

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद में ओडीओपी के तहत क्राफ्ट बाजार बनाया जाएगा

मुरादाबाद। प्रमुख सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन नवनीत सहगल ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को निर्यातकों व अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्यातकों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने कहा कि ठप पड़े एमडीए के सोर्सिंग हब का संचालन ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) मार्केटिंग सेल के ओर से कराया जाएंगा। इसके अलावा एसईजेड में भूखंड आवंटन पर लगी रोक भी हटाई जाएगी।

सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में निर्यातकों ने नवनीत सहगल से कहा कि उद्यमियों की सहूलियत के लिए सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया गया है लेकिन वह ठीक से काम नहीं कर रहा है। मुरादाबाद में आर्टिजन्स पार्क नहीं होने, कोयला आधारित भट्ठियों को प्रदूषण विभाग द्वारा सील किए जाने, सोर्सिंग हब का संचालन एक दशक बाद भी नहीं होने और एसईजेड के भूखंडों का आवंटन बंद होने के मुद्दे भी निर्यातकों ने प्रमुख सचिव के सामने उठाए। निर्यातकों की शिकायतें सुनने के बाद प्रमुख सचिव ने कहा कि एसईजेड के भूखंडों के आवंटन लगी रोक हटेगी। प्लाटों पर लगी पैनाल्टी का मसला भी हल किया जाएगा।

एकल विंडो पर उद्यमियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में ओडीओपी के तहत क्राफ्ट बाजार बनाया जाएगा। ओडीओपी की मार्केटिंग सेल द्वारा निष्क्रिय पड़े एमडीए के सोर्सिंग हब को संचालित किया जाएगा। आर्टिजन्स पार्क के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि नई भूमि चिन्हित कर पहले से अधिक अच्छी रणनीति बनाकर काम किया जाएगा। कोयला भट्ठियों के सवाल पर उनका कहना था कि मुरादाबाद में बढ़ते प्रदूषण स्तर की वजह से इन्हें बंद कर गैस भट्ठियों का विकल्प चुनना जरूरी है।

सर्किट हाउस में नोडल अधिकारियों की मीटिंग लेते प्रमुख सचिव नवनीत सहगल।

ग्रामोद्योग संस्थान पहुंचे प्रमुख सचिव

मुरादाबाद। प्रमुख सचिव लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग नवनीत सहगल ने शुक्रवार को छजलैट के गांव फूलपुर में स्थित अवध युवा ग्रामोद्योग संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में काम कर रहे कर्मचारियों से कार्यों के बारे में जानकारी ली। प्रमुख सचिव ने कर्मचारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तुरंत अधिकारियों को जानकारी दें। इस दौरान डीएम और सीडीओ भी मौजूद रहे। ब्यूरो

उन्होंने बैंकर्स को चेताया कि यदि उद्यमियों की फाइलों में औपचारिकता पूरी होने के बाद भी देरी की गई तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंडलायुक्त यशवंत राव, डीएम राकेश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, सीडीओ मृदुल चौधरी, एमडीए वीसी अरुण रहे।

शिक्षकों का धरना जुलूस निकाला

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतराम गुट) पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस भी निकाला। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 29 अगस्त को लखनऊ विधानसभा घेराव किया जाएगा।

संघ प्रदेश उपाध्यक्ष मेजर डा. देवेंद्र सिंह एवं मंडलीय अध्यक्ष विमलेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी सुबह जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। पदाधिकारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कोषागार से वेतन प्राप्त करने वाले शिक्षकों को नियमित किया जाए। पूर्व में हुए समझौते के तहत वित्त विहीन स्कूलों के शिक्षकों की सेवा नियमावली तत्काल जारी की जाए। जिलाध्यक्ष तुंगीश यादव, राजपाल सिंह, बीके यादव, अनिल कुमार आदि रहे। ब्यूरो

अगस्त क्रांति पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शहीद स्मारक पर मोमबत्तियां जलाई, जिला कार्यालय में शहीदों को किया याद

मुरादाबाद। जिला एवं महानगर कांग्रेस पदाधिकारियों ने अगस्त क्रांति दिवस मनाया। आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों की याद में मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पान का दरिबां (शहीद स्मारक) पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

मेहरोत्रा ने कहा कि नौ अगस्त भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतंत्रता आंदोलन में देश की जनता और सेनानियों ने अभूतपूर्व साहस और सहनशीलता का परिचय देकर अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर किया। कांग्रेसियों ने शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस दौरान असल मौलाई, अनुराग शर्मा, आनंद मोहन गुप्ता, मो शमी, रईस कादरी, नरेंद्र सैनी और जावेद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहीद स्मारक पर अगस्त क्रांति दिवस पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

जिला कार्यालय में पूर्व विधायक फूल कुंवर की अध्यक्षता में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। फूल सिंह कुंवर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नौ अगस्त 1942 को आजादी की जंग का शंखनाद किया। गांधी जी ने करो और मरो का नारा दिया और अंग्रेजों की सरकार को हिला दिया। निवर्तमान महासचिव रईसुल कलाम ने कहा कि 20 फीसदी लोगों ने आंदोलन में प्रतिभाग किया। किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, वकीलों, बुद्धिजीवियों, डाक्टरों और कर्मचारियों में इसमें बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इससे घबराई ब्रिटिश सरकार ने आंदोलन करने वालों पर गोलियां बरसाई। हजारों लोगों की जान ले ली और हजारों लोगों को जेल में ठूंस दिया। महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन के चलते ही देश को आजादी मिली। इस दौरान श्याम सरन, शकील हाशमी, गंगाराम शर्मा आदि रहे।

आजादी की अलख जगाने का नेतृत्व कर चुके हैं मदरसे

मुरादाबाद। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असद मौलाई ने आजादी के 70 साल बाद मदरसों में तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान गाए [illegible] किया है। असद मौलाई ने कहा कि [illegible]

दसवां/ तेरहवीं (रस्म पगड़ी)



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी **श्री हरीशचन्द्र गुप्ता** (पुत्र स्व. श्री कुंवरसेन गुप्ता) (पाकवड़ा वालों) का स्वर्गवास दि. 7/8/19 को हो गया है। **दसवां** दि. 12.08.19 (सोमवार) को प्रातः 8 से 10 बजे गागन, दिल्ली रोड पर होगा। **तेरहवीं (ब्रह्मभोज)** दि. 13.08.19 (मंगलवार) को दोपहर 12 से 2 बजे तथा **रस्म पगड़ी** अपराह्न 3 बजे **निज निवास** खुशहालपुर रोड, नि. च्वाइस बैंकट, बुद्धि [illegible] होगी।

EDUCATION HUB

ANJUMAN-E-ASHRAF PHARMACY COLLEGE
APPROVED BY PCI, AICTE & AFFILIATED TO BTE
College Code- 1260
प्रवेश सरकारी फीस पर कुछ भी अतिरिक्त नहीं
SC/ST छात्र-छात्राओं के लिए स्कालरशिप (छात्रवृत्ति) पर दाखिले
पहले आओ पहले पाओ Admission Open 2019-20
D.Pharma After 10+2 Science
Website: www.aaeducationsociety.com | E-mail: aaeducationsociety@gmail.com
6399010099, 6399010088
मेरीटी एवं निर्धन छात्र-छात्राओं के लिये फीस में छूट एवं किस्तों पर
Founder Ashfaq Ali Khan Ex. MLA 9837222766 | Manager Er. Iqbal Khan 9105513050 | Chairman Er. Musharraf Ali Khan 9810429516
Add.: Vasi Sahsoli, Sihali Jageer, Gajraula, Distt Amroha-244241

प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2019-20 प्रवेश प्रारम्भ
स्वामी दयानन्द सरस्वती एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
(Affiliated By: AICTE, PCI New Delhi, BTE Lucknow)
मंडल का सबसे पुराना कॉलेज 100% Result छात्रवृत्ति की सुविधा
D.Pharma
B.El.Ed. MJPRU बरेली से सम्बद्ध
श्री गुरू गोविन्द सिंह कॉलेज ऑफ एजूकेशन
सीधे प्रवेश व काउंसलिंग द्वारा प्रवेश
अल्पसंख्यक संस्थान
D.El.Ed (BTC)

प्रवेश प्रारम्भ कॉलेज कोड : 120031
यशिका कन्या डिग्री कालेज
ग्राम व पो.-मानपुर, (मुरादाबाद-टांडा रोड)
बी.टी.सी./D.El.Ed
(2019-21)
में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन करा चुकीं छात्राएं 26 अगस्त 2019 तक सीधे प्रवेश लें।
सम्पर्क नंबर:-9548374222, 8865049747
सम्पर्क या कॉल करने का समय : सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक

CHANAKYA pratiyogita academy
UP-TET
नये बैच प्रारम्भ
प्रातः 10 बजे, दोपहर 3 व 4 बजे
पता- PMS स्कूल के पीछे, पीलीकोठी के पास, 26 सिविल लाइंस, मुरादाबाद Mob. 9259543000

DIRECT ADMISSION
D.El.Ed.
Counselling Code - 150007, 150030, 150031
D.Pharma
Counselling Code - 1907, 1972
B.Ed. | B.El.Ed.
GEN/OBC सरकारी फीस SC/ST निःशुल्क प्रवेश
Dharamveer Group of Colleges
Noorpur (Bijnor), Ph. 9548001303

अनेकान्त कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन

Scanned by CamScanner